BCM SCHOOL BASANT AVENUE DUGRI LUDHIANA

CLASS- V HINDI ASSIGNMENT -3

अपठित गद्यांश, पाठ-4 , 6 ,सर्वनाम , विराम चिह्न

I निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें-

अनु का अर्थ है 'पालन' और शासन का अर्थ है 'नियम'। अनुशासन का अर्थ है 'नियमों का पालन करना'। हमारे जीवन में अनुशासन का बहुत अधिक महत्व है।यह हमें नियमों का पालन करना सिखाता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, उसे समाज में रहने के लिए अनुशासित रहना अति आवश्यक है। अनुशासन के बिना मानव जीवन पशु तुल्य है। अनुशासन हमें देशभक्ति का पाठ पढ़ाता है। इससे हमारे व्यक्तित्व में निखार आता है। अनुशासित व्यक्ति ही समाज को एक नई दिशा प्रदान कर सकता है। जीवन में जो व्यक्ति अनुशासन में रहता है, समझो उसने जीवन का सही ढंग से निर्वाह करना सीख लिया है।

प्र०1-अनुशासन के बिना मानव जीवन कैसा होता है?

प्र०2- अनुशासन का क्या अर्थ है?

प्र०3- गद्यांश में से संयुक्ताक्षर वाले शब्द छाँटकर लिखें।

प्र०4- रिक्त स्थान भरो-

क) अनुशासन से हमारे ....में निखार आता है।
ख) अनुशासित व्यक्ति ही समाज को एक नई दिशा .... कर सकता है।

II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें-

1.मणिलाल ने अपना तराजू किसके पास गिरवी रखा?

2.महादेवी वर्मा नीलू को अपने साथ कहाँ लाई?

3.मणिलाल ने व्यापारी के बेटे को कहाँ छिपाया?

4.लूसी ने कितने बच्चों को जन्म दिया?

III पर्यायवाची शब्द लिखें-

1. **राह - .... , ...**
2. **अभिमान - .... , ...**

IV निम्नलिखित वाक्य में से सर्वनाम शब्द छाँटकर उनका भेद लिखिए।

1. बाहर कौन खड़ा है?
2. वह माला की पुस्तक है।
3. हम कल बाज़ार गए थे।
4. जैसी करनी वैसी भरनी।

V निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्नों का प्रयोग करें।

1. आप सब कहाँ जा रहे हैं
2. अरे तुम्हें यह चोट कैसे लगी
3. वह एक अच्छा खिलाड़ी ही नहीं है अच्छा गायक भी है
4. दादा जी ने कहा कल हम सब पिकनिक पर जाएँगे